सप्तदश बिहार विधान सभा

अष्टम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–19 सोमवार, दिनांक–03 अप्रैल, 2023 ई०।

माननीय अध्यक्ष श्री अवध बिहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 11:16 बजे पूर्वाह्न तक।

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही आसन की अनुमति से माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में भड़की हिंसा का मामला उठाया गया। इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

तदुपरान्त आसन की अनुमति से विभिन्न दलों के माननीय सदस्यों द्वारा भी इस संबंध में पक्ष रखा गया।

आसन द्वारा बार–बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने तथा सदन को सुचारू रूप से चलने देने का अनुरोध किया गया, परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 02:07 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[1] विधायी कार्य – राजकीय विधेयक :–

आधारभूत संरचना विकास सामर्थ्यकारी (एनेबलिंग) (संशोधन) विधेयक, 2023

माननीय मंत्री, उद्योग विभाग, श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

विधेयक के सिद्धान्त पर विमर्श का प्रस्ताव तथा जनमत जानने का प्रस्ताव माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया।

माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी द्वारा विधेयक के खंड–2 में संशोधन का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया।

तत्पश्चात विचार का प्रस्ताव सदन से पारित हुआ।

विधेयक पर विचार की स्वीकृति के उपरान्त खंडशः विचार के क्रम में सभी खंड बारी–बारी से विधेयक के अंग बने।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

तदुपरान्त "**<u>आधारभूत संरचना विकास सामर्थ्यकारी (एनेबलिंग) (संशोधन) विधेयक, 2023</u>**" सदन से स्वीकृत हुआ।

[2] <u>निवेदन</u> :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 43 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक–05 अप्रैल, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–03.04.2023

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।